(3) परिकलन में निपुणता की क्षमता

(4) विभिन्न परिस्थितियों में सही सूत्रों को स्मरण करने की क्षमता ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**56.** **The price list of vegetables in a super market is given as follows :**

| Item | Quantity | Price (₹) |
|---|---|---|
| Tomato | 1 kg | 40 |
| Potato | 2 kg | 25 |
| Carrot | 250 g | 20 |
| Bottlegourd | 1 kg | 10 |
| Chillies | 100 g | 10 |
| Lemon | 4 pieces | 10 |

**Sanjay buys $\frac{1}{2}$ kg tomatoes, 1 kg potatoes, $\frac{1}{2}$ kg carrot, 250 g chillies and 6 lemons. He gives a note of ₹ 200 to the bill clerk at the counter. How much money will he get back ?**

(1) ₹ 112.50

(2) ₹ 87.50

(3) ₹ 86.50

(4) ₹ 97.50

**56.** सुपर बाज़ार में सब्जियों की मूल्य सूची निम्नलिखित है :

| वस्तु | मात्रा | मूल्य (₹ में) |
|---|---|---|
| टमाटर | 1 kg | 40 |
| आलू | 2 kg | 25 |
| गाजर | 250 g | 20 |
| लौकी | 1 kg | 10 |
| मिर्च | 100 g | 10 |
| नींबू | 4 नग | 10 |

संजय ने $\frac{1}{2}$ kg टमाटर, 1 kg आलू, $\frac{1}{2}$ kg गाजर, 250 g मिर्च और 6 नींबू खरीदे । उसने बिल क्लर्क को काउंटर पर ₹ 200 का नोट दिया । उसे कितने रुपये वापिस मिलेंगे ?

(1) ₹ 112.50

(2) ₹ 87.50

(3) ₹ 86.50

(4) ₹ 97.50

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**57.**
- **I am a 2 digit number.**
- **The digit in tens place and the digit in units place are consecutive prime numbers.**
- **The sum of digits is multiple of 3 and 4.**

**The number is**

(1) 57

(2) 23

(3) 35

(4) 13

**58. The parking rates of car in a railway station parking are depicted as follows :**

**(a) Upto 2 hrs – ₹ 50**

**(b) More than 2 hrs and upto 5 hrs – ₹ 75**

**(c) After 5 hrs – ₹ 10 per extra hour upto 8 hrs.**

**(d) More than 8 hrs and upto 12 hrs – ₹ 150**

**(e) More than 12 hrs and upto 24 hrs – ₹ 250**

**Rajeev parks his car at 7.00 a.m. and comes back to pick it up at 4.30 p.m. on the same day. How much money does he have to pay ?**

(1) ₹ 135

(2) ₹ 150

(3) ₹ 130

(4) ₹ 100

**57.**
- **मैं एक दो अंकों की संख्या हूँ ।**
- **दहाई के स्थान पर अंक और इकाई के स्थान पर अंक क्रमिक अभाज्य संख्याएँ हैं ।**
- **अंकों का योग 3 और 4 का गुणज है ।**

**संख्या है :**

(1) 57

(2) 23

(3) 35

(4) 13

**58. एक रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग की पार्किंग दर निम्न रूप से चित्रित की गई है :**

**(a) 2 घण्टे तक – ₹ 50**

**(b) 2 घण्टे से ऊपर और 5 घण्टे तक – ₹ 75**

**(c) 5 घण्टे के पश्चात – 8 घण्टे तक प्रति अतिरिक्त घण्टा ₹ 10**

**(d) 8 घण्टे से ऊपर और 12 घण्टे तक – ₹ 150**

**(e) 12 घण्टे से ऊपर और 24 घंटे तक – ₹ 250**

**राजीव ने अपनी कार को 7.00 a.m. पर पार्क किया और उसे उसी दिन ही लेने वह 4.30 p.m. पर आया । उसे कितने रुपए का भुगतान करना होगा ?**

(1) ₹ 135

(2) ₹ 150

(3) ₹ 130

(4) ₹ 100

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**59. Which of the following is at third place when the numbers are arranged in ascending order ?**

**7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77**

(1) 7.70

(2) 7.007

(3) 7.07

(4) 7.707

**60. In a five digit number, the digit at ten's place is 8, digit at units place is one-fourth of the digit at ten's place, the digit at thousands place is 0, digit at hundreds place is twice that of units place and the digit at ten thousands place is thrice the digit at unit's place. What is the number ?**

(1) 64082

(2) 64028

(3) 46028

(4) 60482

59. आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में से कौन सी संख्या तृतीय स्थान पर होगी ?

**7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77**

(1) 7.70

(2) 7.007

(3) 7.07

(4) 7.707

60. एक पाँच अंकों की संख्या में, दहाई के स्थान का अंक 8, इकाई के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का एक-चौथाई, हज़ार के स्थान का अंक 0, सौवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का दुगुना और दस हज़ारवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का तिगुना है । संख्या क्या है ?

(1) 64082

(2) 64028

(3) 46028

(4) 60482

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

## PART – III / भाग – III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61. A person boarded an express train on 29th November, 2019 at Surat (Gujarat) for Nagarcoil (Kerala). The train departed from Surat at 19:45 hours and reached Nagarcoil at 11:45 hours on 1st December, 2019. If the distance between Surat and Nagarcoil by train route is nearly 2120 km, the average speed of the train during this journey was**

(1) 132.5 km/h
(2) 60 km/h
(3) 53 km/h
(4) 45 km/h

**62. Which one of the following is a weight lifter of international fame ?**

(1) Sunita Williams
(2) Bachhendri Pal
(3) Suryamani
(4) Karnam Malleshwari

**63. Which one of the following is a group of roots ?**

(1) Beetroot, Potato, Ginger
(2) Carrot, Turmeric, Ginger
(3) Sweet Potato, Radish, Turmeric
(4) Carrot, Beetroot, Radish

**64. Desert Oak is a tree which is found in**

(1) Abu Dhabi
(2) Australia
(3) desert of Rajasthan
(4) the desert of UAE

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

61. कोई व्यक्ति 29 नवम्बर, 2019 को एक एक्सप्रेस ट्रेन में सूरत (गुजरात) से नगरकोइल (केरल) जाने के लिए बैठा । यह ट्रेन सूरत से 19.45 बजे चली और 1 दिसम्बर, 2019 को 11.45 बजे नगरकोइल पहुँची । यदि सूरत से नगरकोइल के बीच ट्रेन-मार्ग की दूरी 2120 km है, तो इस यात्रा में ट्रेन की औसत चाल थी –

(1) 132.5 km/h
(2) 60 km/h
(3) 53 km/h
(4) 45 km/h

62. निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वेट लिफ्टर है ?

(1) सुनीता विलियम्स
(2) बछेन्द्री पाल
(3) सूर्यमणि
(4) कर्णम मल्लेश्वरी

63. नीचे दिया गया कौन सा एक समूह जड़ों का है ?

(1) चुकन्दर, आलू, अदरक
(2) गाजर, हल्दी, अदरक
(3) शकरकन्दी, मूली, हल्दी
(4) गाजर, चुकन्दर, मूली

64. 'रेगिस्तानी ओक' नाम का एक पेड़ है, जो पाया जाता है

(1) आबू-धाबी में
(2) ऑस्ट्रेलिया में
(3) राजस्थान के रेगिस्तानों में
(4) संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तानों में

**65. Consider the following statements about Nepenthese, a plant which hunts.**

**A. This plant is found in Australia, Indonesia and Meghalaya in India.**

**B. It has a pitcher-like shape and the mouth is covered by a leaf.**

**C. It can trap and eat only small insects.**

**D. It emits a pleasant sound to attract small insects which get trapped and cannot get out.**

**The correct statements are**

(1) A and B only

(2) A and C only

(3) B and D only

(4) A, B and C

**66. In which one of the following states of India is Dandi seashore located where Mahatma Gandhi did his famous march before independence ?**

(1) Andhra Pradesh

(2) Karnataka

(3) Maharashtra

(4) Gujarat

**67. High fever with shiver which can be treated with the bark of Cinchona tree is**

(1) typhoid

(2) malaria

(3) chikungunya

(4) dengue

65. नीपेन्थिस, वह पौधा जो शिकार करता है, के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

**A.** यह पौधा ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और भारत में मेघालय में पाया जाता है ।

**B.** इसका आकार घड़े जैसा होता है और इसका मुँह एक पत्ती से ढका होता है ।

**C.** यह केवल छोटे कीड़े-मकोड़ों को फंसाकर उनका शिकार कर सकता है ।

**D.** यह छोटे कीड़े-मकोड़ों को खींचने के लिए मोहक आवाज़ निकालता है जो इसमें फंस जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाते ।

इनमें सही कथन हैं –

(1) केवल A और B

(2) केवल A और C

(3) केवल B और D

(4) A, B और C

66. भारत की आज़ादी से पहले महात्मा गांधी ने जिस दांडी के समुद्र तट तक अपनी प्रसिद्ध यात्रा की थी वह भारत के नीचे दिए गए किस राज्य में स्थित है ?

(1) आंध्रप्रदेश

(2) कर्नाटक

(3) महाराष्ट्र

(4) गुजरात

67. उच्च ज्वर (तेज बुखार) के साथ कंपकंपी जिसका उपचार सिंकोना पेड़ की छाल से किया जा सकता है, वह है –

(1) मियादी बुखार

(2) मलेरिया

(3) चिकनगुनिया

(4) डेंगू

**68. A doctor is located at X and his hospital is located at Y. There is no straight lane from the doctor's house to the hospital. So, the doctor first goes to A which is 600 m due east of X, then goes to B which is 450 m due south of A, then to C which is 120 m due west of B and finally reaches the hospital at Y which is 90 m due north of C. With respect to the hospital the correct direction of the doctors house is**

(1) north-east
(2) north-west
(3) south-east
(4) south-west

**69. "Cheraw" is the dance form of the people of**

(1) Jharkhand
(2) Mizoram
(3) Manipur
(4) Meghalaya

**70. Neighbouring states of Tamil Nadu are**

(1) Andhra Pradesh, Odisha, Karnataka
(2) Kerala, Andhra Pradesh, Maharashtra
(3) Karnataka, Chhattisgarh, Kerala
(4) Andhra Pradesh, Kerala, Karnataka

**71. Which one of the following should NOT be the objective of teaching EVS at primary level as per NCF-2005 ?**

(1) To nurture the curiosity and creativity of the child particularly in relation to the natural environment.
(2) To engage the child in exploratory and hands on activities to acquire basic cognitive and psychomotor skills through observation, classification, inference, etc.
(3) To train children to locate and comprehend relationships between the natural, social and cultural environment.
(4) To develop precise quantitative skills among children through understanding of environmental issues.

**68. किसी डॉक्टर का घर X पर स्थित है तथा उसका अस्पताल Y पर स्थित है । डॉक्टर के घर से अस्पताल जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है । अतः डॉक्टर पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक पूर्व में 600 m की दूरी पर है, फिर वह B पर जाते हैं जो A के ठीक दक्षिण में 450 m की दूरी पर है, फिर वह C पर जाते हैं जो B के ठीक पश्चिम में 120 m की दूरी पर है और अन्त में वह Y पर अपने अस्पताल पहुँचते हैं जो C के ठीक उत्तर में 90 m की दूरी पर है । अस्पताल के सापेक्ष डॉक्टर के घर की सही दिशा क्या है ?**

(1) उत्तर-पूर्व
(2) उत्तर-पश्चिम
(3) दक्षिण-पूर्व
(4) दक्षिण-पश्चिम

**69. 'चेराओ' नाच कहाँ के लोग करते हैं ?**

(1) झारखण्ड
(2) मिजोरम
(3) मणिपुर
(4) मेघालय

**70. तमिलनाडु के निकटवर्ती राज्य हैं –**

(1) आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक
(2) केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र
(3) कर्नाटक, छत्तीसगढ़, केरल
(4) आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक

**71. NCF-2005 के अनुसार निम्नलिखित में से क्या प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन शिक्षण का उद्देश्य नहीं होना चाहिए ?**

(1) विशेषतः प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति बच्चे की जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देना ।
(2) अवलोकन, वर्गीकरण और निष्कर्ष निकालने आदि प्रक्रियाओं के माध्यम से बुनियादी संज्ञानात्मक और गत्यात्मक कौशल प्राप्त करने के लिए खोजबीन से जुड़ी और हाथों से करने वाले कार्यों में बच्चों को संलग्न करना ।
(3) प्राकृतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक पर्यावरण के बीच संबंधों को पहचानने व समझने में बच्चों को प्रशिक्षित करना ।
(4) पर्यावरणीय समझ के द्वारा बच्चों में सटीक संख्यात्मक कौशलों का विकास करना ।

**72. EVS for classes-III to V is a subject area which integrates –**

(1) the concepts and issues of Science.

(2) the concepts and issues of Science, Social studies and Environmental education.

(3) the concepts and issues of Social science and Science.

(4) the concepts and issues of Science and Environmental education.

**73. Which of the following is true w.r.t. EVS ?**

(1) EVS is a subject taught from classes I to V.

(2) For classes I and II, EVS is taught through language and Mathematics.

(3) For classes II, III and IV, issues and concerns of EVS are taught through language and Mathematics.

(4) For classes I and II, concerns and issues of EVS are taught through Science and Social science.

**74. Children get lot of space to learn EVS through exploration. This indicates that**

(1) EVS is learnt through rote.

(2) EVS is learnt through information.

(3) EVS is child centred.

(4) EVS is teacher centred.

**72. पर्यावरण अध्ययन कक्षाओं III से V के लिए एक विषय क्षेत्र है, जो संकलित करता है**

(1) विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(2) पर्यावरण शिक्षा, सामाजिक अध्ययन और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(3) विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(4) पर्यावरणीय शिक्षा और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

**73. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के संदर्भ में सही है ?**

(1) पर्यावरण अध्ययन एक विषय है जो I से V तक की कक्षाओं में पढ़ाया जाता है ।

(2) I से II की कक्षाओं के लिए, भाषा और गणित के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन पढ़ाया जाता है ।

(3) II, III और IV की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दों को भाषा और गणित के माध्यम से पढ़ाया जाता है ।

(4) I से II तक की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दे विज्ञान और सामाजिक-विज्ञान के द्वारा पढ़ाये जाते हैं ।

**74. बच्चों को पर्यावरण अध्ययन को सीखने के लिए खोजने के द्वारा पर्याप्त समय दिया जाता है यह इंगित करता है, कि**

(1) पर्यावरण अध्ययन याद करके सीखा जाता है ।

(2) पर्यावरण अध्ययन सूचनाओं के द्वारा सीखा जाता है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन बाल-केन्द्रित है ।

(4) पर्यावरण अध्ययन शिक्षक केन्द्रित है ।

**75. Which of the following is a subtheme under the theme suggested in the EVS syllabus ?**

(1) Family and Friends

(2) Food

(3) Animals

(4) Things we make and do

**76. Which of the following is a desirable practice for an EVS teacher ?**

(1) Addressing multicultural dimensions of diverse classrooms.

(2) Encouraging children to provide important information related to the concepts of EVS.

(3) Linear arrangement of six themes of EVS.

(4) Relying only in textbooks.

**77. Which of the following is/are important in constructing knowledge in EVS by the children ?**

**A. Active participation of children.**

**B. Community members of children**

**C. Text books of EVS**

**D. Description and definition given in the textbook of EVS**

(1) A, B and C

(2) A and C only

(3) A, C and D

(4) C only

75. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के सुझावित प्रकरणों का उपप्रकरण है ?

(1) परिवार और मित्र

(2) भोजन

(3) जानवर

(4) हम चीज़ें कैसे बनाते हैं ?

76. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के लिए वांछनीय गतिविधि है ?

(1) विभिन्न कक्षाओं के बहुसांस्कृतिक क्षेत्रों को संबोधित करना ।

(2) पर्यावरण अध्ययन की अवधारणाओं से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को बच्चों को देने के लिए प्रेरित करना ।

(3) पर्यावरण अध्ययन के छः प्रकरणों का रेखीय आयोजन करना ।

(4) केवल पाठ्य-पुस्तकों पर आश्रित रहना ।

77. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के द्वारा ज्ञान की रचना में महत्त्वपूर्ण है ?

**A.** बच्चों का सक्रिय भाग लेना

**B.** बच्चों के समुदाय के सदस्य

**C.** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तकें

**D.** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में दी गए व्याख्या और परिभाषा

(1) A, B और C

(2) केवल A और C

(3) A, C और D

(4) केवल C

**78. Children can be effectively engaged in EVS learning through**

**A. Narratives**

**B. Stories**

**C. Effective explanation of concepts by the teacher**

**D. Effective demonstration and explanation of concepts by the teacher**

(1) A, C, D

(2) A and B only

(3) C and D only

(4) A, B and C

**79. Objective/s of EVS teacher who encourages his/her children to observe animals and make pictures on their own is/are to**

**A. Develop creativity of children**

**B. Develop observation and design skills of children**

**C. Develop aesthetic sense of children**

(1) A only

(2) A and C only

(3) B only

(4) A, B and C

78. बच्चों को पर्यावरण अध्ययन सीखने में प्रभावशाली तरीके से जोड़ा जा सकता है

A. वृत्तांत

B. कहानियाँ

C. शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं की प्रभावशाली व्याख्या

D. शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन और व्याख्या

(1) A, C, D

(2) केवल A और B

(3) केवल C और D

(4) A, B और C

79. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के द्वारा बच्चों को जानवरों का अवलोकन और उनका चित्र बनाने को प्रेरित करने का उद्देश्य है

A. बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करना ।

B. बच्चों में अवलोकन और रचना कौशलों का विकास करना ।

C. बच्चों में सौंदर्यगत् संवेदना का विकास करना ।

(1) केवल A

(2) केवल A और C

(3) केवल B

(4) A, B और C

**80. In EVS learning of crafts and arts while working in groups, is encouraged because**

**A. Group learning is easier and very effective strategy for teachers to tackle the problem of indiscipline of the class.**

**B. Group learning promotes peer learning.**

**C. Group learning improves social interactions.**

**D. Group learning help in completing the syllabus of EVS in time.**

(1) A and D only

(2) B and D only

(3) B and C only

(4) C and D only

**81. Which of the following is/are the most effective resource for EVS learning ?**

**A. Family members**

**B. Members of the community**

**C. Newspapers**

**D. Classroom**

(1) D only

(2) C and D only

(3) A, B and C

(4) A and B only

**82. Which of the following principle of learning is followed in EVS ?**

(1) Global to local

(2) Abstract to concrete

(3) Unknown to known

(4) Known to unknown

**80.** पर्यावरण अध्ययन में शिल्पकला और चित्रकला को समूह में करके सीखने पर बल दिया जाता है क्योंकि –

**A.** कक्षा की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए समूह में सीखना शिक्षकों के लिए एक आसान और बहुत प्रभावशाली युक्ति है ।

**B.** समूह में सीखना सहपाठी द्वारा सीखने को प्रोत्साहित करता है ।

**C.** समूह में सीखना कक्षा में सामाजिक अन्तःक्रिया को बेहतर करता है ।

**D.** समूह में सीखना पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने में सहायता करता है ।

(1) केवल A और D

(2) केवल B और D

(3) केवल B और C

(4) केवल C और D

**81.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन को सीखने का सबसे प्रभावशाली संसाधन है ?

**A.** परिवार के सदस्य

**B.** समुदाय के सदस्य

**C.** समाचार-पत्र

**D.** कक्षा

(1) केवल D

(2) केवल C और D

(3) A, B और C

(4) केवल A और B

**82.** निम्नलिखित सीखने के कौन से सिद्धांत का पर्यावरण अध्ययन में अनुसरण होता है ?

(1) वैश्विक से स्थानीय

(2) अमूर्त से मूर्त

(3) अज्ञात से ज्ञात

(4) ज्ञात से अज्ञात

**83. Which of the following is NOT a tool for Formative Assessment of learning in EVS ?**

(1) Portfolio

(2) Rating scale

(3) Anecdotal records

(4) Annual achievement test

**84. Which of the following should be avoided while assessing children in EVS ?**

(1) Judging the answers given by children in terms of right or wrong.

(2) Discuss "What we have learnt" given at the end of each chapter of EVS textbook of class V

(3) Use indicators for assessment

(4) Qualitative assessment of children's learning

**85. A teacher of class V conducts an activity in which she asks her children to drop some sugar on the ground and asks them to wait until the ants come there. Children can be given meaningful learning from this activity if teacher _____.**

(1) encourages her/his children to observe the activity

(2) encourages his/her children to share their experiences

(3) encourages her/his children to observe, share their experiences followed by discussion on the activity.

(4) encourages her/his children to answer the questions at their home related to the activity.

**83. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है**

(1) पोर्टफोलियो

(2) क्रम निर्धारण मापनी

(3) वर्णन अभिलेख

(4) वार्षिक उपलब्धि परीक्षण

**84. निम्नलिखित में से किसको पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के आकलन में दूर करना चाहिए ?**

(1) बच्चों के उत्तरों को सही या गलत में आँकना ।

(2) कक्षा V के EVS पाठ्यपुस्तक में प्रत्येक पाठ के अंत में दिए गए 'आज हमने क्या सीखा' पर चर्चा ।

(3) आकलन के संकेतकों का उपयोग ।

(4) बच्चों के सीखने के गुणात्मक आकलन ।

**85. एक कक्षा V की शिक्षक एक क्रियाकलाप का संचालन करती है जिसमें वह कक्षा के बच्चों से फर्श पर चीनी के कुछ दाने डालने को कहती है और उनको चींटियों के आने का इंतजार करने को कहती है ।**

**बच्चों को इस क्रियाकलाप से अर्थपूर्ण सीखने को मिल सकता है यदि शिक्षक –**

(1) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन करने को प्रेरित करती है ।

(2) बच्चों को अपने अनुभव साझा करने को प्रेरित करती है ।

(3) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन, अनुभव साझा और उस पर चर्चा करने को प्रेरित करती है ।

(4) बच्चों को क्रियाकलाप से संबंधित प्रश्नों को घर से करने को प्रेरित करती है ।

**86. Consider the following list :**

**Tortoise, Crocodile, Crow, Duck, Fish**

**In this list which one of the following is different from the others ?**

(1) Fish

(2) Crow

(3) Crocodile

(4) Tortoise

**87.**

| | **Column-I (City/State)** | | **Column-II (Most liked food)** |
|---|---|---|---|
| **A.** | **Hongkong** | **I.** | **Boiled tapioca with any cury** |
| **B.** | **Kerala** | **II.** | **Fish cooked in mustard oil** |
| **C.** | **Kashmir** | **III.** | **Sea fish cooked in coconut oil** |
| **D.** | **Goa** | **IV.** | **Chholay Bhature** |
| | | **V.** | **Cooked Snakes** |

**The correct match of term of Column-I with that of Column-II is :**

(1) A-V; B-II; C-III; D-IV

(2) A-V; B-I; C-II; D-III

(3) A-V; B-III; C-II; D-I

(4) A-III; B-II; C-IV; D-I

**88. Which one of the following bird's species moves its neck back and forth with a jerk.**

(1) Owl

(2) Crow

(3) Barbet

(4) Mynah

**86.** नीचे दी गयी सूची पर विचार कीजिए :

कछुआ, घड़ियाल, कौआ, बत्तख, मछली

इस सूची में से निम्न में से कौन सा दूसरों से भिन्न है ?

(1) मछली

(2) कौआ

(3) घड़ियाल

(4) कछुआ

**87.**

| | कॉलम – I (शहर/राज्य) | | कॉलम – II (अत्यधिक पसन्द का भोजन) |
|---|---|---|---|
| **A.** | हाँगकांग | **I.** | किसी भी करी के साथ उबला टैपिओका |
| **B.** | केरल | **II.** | सरसों के तेल में बनी मछली |
| **C.** | कश्मीर | **III.** | नारियल के तेल में बनी समुन्दर की मछली |
| **D.** | गोआ | **IV.** | छोले–भटूरे |
| | | **V.** | पकाया हुआ साँप |

कॉलम–I की मदों का कॉलम–II की मदों से सही मिलान है –

(1) A-V; B-II; C-III; D-IV

(2) A-V; B-I; C-II; D-III

(3) A-V; B-III; C-II; D-I

(4) A-III; B-II; C-IV; D-I

**88.** नीचे दिए गए पक्षियों की कौन सी प्रजाति झटके से अपनी गर्दन आगे–पीछे करती है ?

(1) उल्लू

(2) कौआ

(3) बसन्त गौरी

(4) मैना

89. **Consider the following description of houses :**

**A.** **In Rajasthan the villagers live in mud houses with roofs of thorny bushes.**

**B.** **In Manali (Himachal Pradesh) houses are made on bamboo pillers**

**C.** **In Leh two floor houses are made of stones. The ground floor is for animals and for storing necessary things.**

**The correct statement(s) is/are**

(1) A and B

(2) B and C

(3) A and C

(4) Only C

90. **Consider the following statements about elephants :**

**A.** **Elephants do not rest very much, they sleep 2 to 4 hours only in a day.**

**B.** **An adult elephant can eat more than 200 kg of leaves and twigs in a day.**

**C.** **They love to play with mud and water, the mud keeps their skin cool.**

**D.** **In elephant herd the oldest female elephant decides everything.**

**The correct statements are**

(1) A, B and C

(2) B, C and D

(3) C, D and A

(4) A, B and D

89. घरों के नीचे दिए गए विवरणों पर विचार कीजिए :

**A.** राजस्थान में गाँव के लोग मिट्टी के घरों, जिनकी छतें कंटीली झाड़ियों की होती हैं, में रहते हैं।

**B.** मनाली (हिमाचल प्रदेश) में घर बाँसों के खंभों पर बनाए जाते हैं।

**C.** लेह में पत्थर के दो मंजिलें घर बनाए जाते हैं। नीचे की मंजिल पर जरूरत का सामान और जानवरों को रखते हैं।

इनमें सही कथन है/हैं

(1) A और B

(2) B और C

(3) A और C

(4) केवल C

90. हाथियों के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

**A.** हाथी बहुत कम आराम करते हैं, यह एक दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोते हैं।

**B.** एक बड़ा हाथी एक दिन में 200 kg से अधिक पत्तियाँ और झाड़ियाँ खा लेता है।

**C.** इन्हें पानी और कीचड़ में खेलना बहुत भाता है, इससे इनके शरीर को ठंडक मिलती है।

**D.** किसी हाथियों के झुण्ड में सबसे बुज़ुर्ग हथिनी ही सभी फैसले लेती है।

इनमें सही कथन हैं –

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और A

(4) A, B और D

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL

## PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 91 to 99), by selecting the correct/ most appropriate options :**

1. Kangri Karchok, the Kailash Purana of the Tibetans describes the sacred elephant-mouthed river or Langchen Khambab as a long and extensive river that rises from the 'lake unconquerable', the Tso Maphan or Manasarovar that flows from the mountainous regions of Tibet. According to this holy book, this cold river with its sands of gold, circles the holy Manasarovar seven times before taking its course to the west.

2. The Langchen Khambab flows down from the red coloured mountains of the Kanglung Kangri Glacier in the Trans-Himalayan region of Tibet, channelling its way through the earth forests of Tholing and Tsparang of the Gugi Kingdom. These earth forests are full of pillars formed by rocks that collectively appear like a forest from afar – an 'out of the world' landscape that was formed by geological movements of the earth and erosion by wind and water. The Khyunglung ruins also lies on the northern bank of the Sutlej river in this valley which was once known as the 'Garuda Valley".

3. This mighty river then flows north-west for about 260 km before entering Himachal Pradesh through Shipki La cutting across the formidable Himalayan ranges of Zanskar, the Greater Himalaya and the Dhauladhar. Subsequently, the waters meander through the gigantic Kinnaur Kailash-Jorkanden Range at Reckong Peo creating the terrifying Sutlej gorge. Then it streams into Shimla, Kullu, Mandi and Bilaspur and is responsible for the rich cultivation of grapes, apples and apricots all along its banks. After its confluence with the River Spiti at Khab it is known as Sutlej.

4. It is 1,448 km in length, making it the longest among the five rivers of Punjab. Extensively used for irrigation, it is topographically divided into the Upper Sutlej Basin and Lower Sutlej Basin. It leaves the Himachal boundary to enter the plains of the Punjab at the Bhakra Dam, the second highest gravity dam and a major point of water supply and electricity generation for the North of India.

**91. What makes the earth forests of Tholing and Tsparang look amazing ?**

(1) The ruins on the banks of the Sutlej.
(2) Abundance of flora and fauna.
(3) Cool breeze that makes people feel drowsy.
(4) Pillars formed by rocks resembling a forest.

92. **Langchen Khambab is a boon for the North of India because :**
(1) it is a major source of water supply and power generation.
(2) it brings along with it mountain soil and minerals.
(3) the prosperity of the whole of India depends on it.
(4) it abounds in aquatic animals.

93. **Read the following sentences :**
**A. Kangri Karchok is a holy book of the Tibetans.**
**B. Langchen Khambab is responsible for rich cultivation of various types of fruits in the Himachal Pradesh.**
(1) A is true, B is false.
(2) B is true, A is false.
(3) Both A and B are true.
(4) Both A and B are false.

94. **Which one of the following words is most similar in meaning to the word 'gigantic' as used in the passage (Para 4) ?**
(1) terrifying
(2) high
(3) formidable
(4) huge

95. **Which one of the following words is the most opposite in meaning to the word 'sacred' as used in the passage (Para 1) ?**
(1) pure
(2) noble
(3) unholy
(4) moral

96. **Which part of the following sentence contains an error ?**

**I am not** (a) **in best position** (b) **to advise you** (c) **in this matter** (d) .

(1) (a)
(2) (b)
(3) (d)
(4) (c)

97. **Which part of speech is the underlined word in the following sentence :**

**I don't know <u>why</u> he is so hostile to me.**

(1) Adjective
(2) Adverb
(3) Preposition
(4) Pronoun

98. **'Lake unconquerable' refers to :**
(1) Langchen Khambab river
(2) Lake Manasarovar
(3) Lake Rakshatal
(4) The Sutlej river

99. **According to Kangri Karchok, Langchen Khambab does not/is not**
(1) have sands of gold.
(2) circle the Manasarovar seven times.
(3) flow very gently through the hills.
(4) a cold river.

**Directions : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

## Light Brigade

***By Alfred Tennyson***

Half a league, half a league,
Half a league onward,
All in the valley of Death
Rode the six hundred.
"Forward the Light Brigade !
Charge for the guns !" he said.
Into the valley of Death
Rode the six hundred.
Forward, the Light Brigade!"
Was there a man dismay'd ?
Not tho' the soldier knew
Some one had blunder'd.
Theirs not to make reply,
Theirs not to reason why,
Theirs but to do and die.
Into the valley of Death
Rode the six hundred.

**100. The expression 'the valley of death' refers to :**

(1) the place where the dead soldiers are lying buried.

(2) the impending death of soldiers.

(3) the house of death.

(4) a nightmarish place.

**101. Which of the following statements is not true ?**

**The military discipline teaches the soldiers :**

(1) to do and die.

(2) to obey their commander's order.

(3) to act tactfully in the battlefield.

(4) not to ask any question.

**102. Which of the following adjectives does not apply to the soldiers ?**

(1) courageous

(2) disciplined

(3) patriotic

(4) impractical

**103. Name the figure of speech used in 'the Valley of Death'.**

(1) Metaphor

(2) Simile

(3) Synecdoche

(4) Metonymy

**104. Which literary device is used in the expression, 'to do and die' ?**

(1) Assonance

(2) Alliteration

(3) Simile

(4) Personification

**105. In the first stanza of the extract, the soldiers are :**

(1) talking to each other about their personal problems.

(2) waiting for their commander's order.

(3) thinking about the result of the war.

(4) seen riding fast to the enemy territory.

**106. In the multilingual classroom learners can interact _____.**

(1) in the medium of instruction followed by the school.

(2) in their own language and can be a mix of words from more than one language.

(3) only in the language prescribed in three-language formula.

(4) in the language with which the teacher is familiar.

**107. Diagnostic tests are administered to _____.**

(1) find out deficiencies of the students with a view to planning remedies.

(2) assess the suitability of a candidate for a specific programme.

(3) test the language proficiency of students for providing them jobs.

(4) judge the students' capabilities.

**108. Structural approach gives more importance to _____.**

(1) speech and reading

(2) reading only

(3) speech only

(4) reading and writing

**109. Which among the following <u>does not</u> come under meaning based activities ?**

(1) Interacting with the text.

(2) Using previous knowledge.

(3) Reading the text and then narrating the same to peers.

(4) Reading out every word aloud and translating it.

**110. _____ comprehension is the skill of reading a piece of text closely or intensely for the purpose of extracting specific information from the text.**

(1) Inferential

(2) Global

(3) Local

(4) Transactional

**111. It is a type of writing in which the teacher provides the situation and helps the class to prepare it. The teacher continuously provides feedback, direction and expansion of ideas to the learners.**

(1) Controlled writing

(2) Guided writing

(3) Free writing

(4) Product writing

**112. A teacher asked the students of class V to read the text thoroughly. Then she asked them to answer the questions with reference to the context (RTC). In this process she is encouraging students for _____.**

(1) skimming

(2) scanning

(3) intensive reading

(4) extensive reading

**113. The term 'Comprehensible input' is associated with _____.**

(1) Lev Vygotsky

(2) Stephen Krashan

(3) Noam Chomsky

(4) James Asher

**114. Which one of the following is not a sub skill of reading ?**

(1) Connecting
(2) Predicting
(3) Synthesizing
(4) Transcripting

**115. Which one of the following is least important in enhancing speaking skill of children ?**

(1) Listening patiently to children's talk.
(2) Giving them an opportunity to express their feelings and ideas.
(3) Asking closed ended questions.
(4) Organizing discussions on a given topic.

**116. At primary level literature is helpful in developing language of learners as :**

(1) it encourages the learners to complete the worksheets based on it.
(2) it is an authentic material covering various genres.
(3) it develops teachers' interpretative, creative and critical abilities.
(4) it is a good basis for the only expansion of vocabulary.

**117. A teacher prepares a worksheet and removes every seventh word from the text. Then she asks the learners to read the text after that they were asked to complete the worksheet with missing word. The task given on the worksheet is a**

(1) speaking task
(2) writing task
(3) cloze test
(4) open test

**118. 'Language is arbitrary' means that _____**

(1) something is determined by judgement and for a specific reason.
(2) it is based on a valid reason and not on chance.
(3) there is a strong relation between the words of a language and their meaning.
(4) there is no inherent relation between the words of a language and their meaning.

**119. The teacher observed that Pravin could not write a paragraph on her own even after brainstorming the topic. However, she was able to write it under adult or peer guidance. This guidance is called _____.**

(1) Team teaching
(2) Counselling
(3) Scaffolding
(4) Socialization

**120. The purpose of textual exercise is not to**

(1) develop creativity among learners.
(2) provide opportunity to express themselves.
(3) memorise the answers to the questions.
(4) give exposure to language learning.

# भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा** – I का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश – नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

आधुनिक शिक्षा का नतीजा हमने देख लिया । हमने उस शिक्षा का नतीजा भी देख लिया, जिसमें 'विकसित विज्ञान' का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसके कारण व्यक्ति को कहीं भी या कितना भी मिलने के बावजूद तृप्ति नहीं होती । इसका कारण यही है कि शिक्षा के स्वाभाविक और आवश्यक अंगों को छोड़कर हमने ऐसे विषयों पर अधिक ध्यान दिया, जो मनुष्य का एकतरफा विकास करते हैं, जिनके कारण व्यक्तित्व का बड़े-से-बड़ा भाग अतृप्त रह जाता है । बाल्यावस्था में भी कला-शिक्षा को अभी तक उचित स्थान नहीं मिला है । जहाँ मिलता भी है, वहाँ बच्चा ग्यारह-बारह वर्ष का होते ही उसके शिक्षा-क्रम में से कला-प्रवृत्तियों को निकाल दिया जाता है । ऐसा ही हर्बर्ट रीड ने कहा है :

"हमारा अनुभव हमें बताता है कि हर व्यक्ति ग्यारह साल की उम्र के बाद, किशोर-अवस्था और उसके बाद भी सारे जीवन-काल तक किसी-न-किसी कला-प्रवृत्ति को अपने भाव-प्रकटन का जरिया बनाये रख सकता है । आज के सभी विषय-जिन पर हम अपनी एकमात्र श्रद्धा करते हैं, जैसे गणित, भूगोल, इतिहास, रसायनशास्त्र और यहाँ तक कि साहित्य भी – जिस तरह पढ़ाये जाते हैं, उन सबकी बुनियाद तार्किक है । इन पर एकमात्र जोर देने के कारण कला-प्रवृत्तियाँ, जो भावना-प्रधान होती हैं, पाठ्यक्रम से करीब-करीब निकल जाती हैं । ये प्रवृत्तियाँ केवल पाठ्यक्रम से ही नहीं निकल जातीं, बल्कि इन तार्किक विषयों को महत्त्व देने के कारण व्यक्ति के दिमाग से भी बिलकुल निकल जाती हैं । किशोर-अवस्था को इस तरह गलत रास्ते पर ले जाने का नतीजा भयानक हो रहा है । सभ्यता रोज-ब-रोज बेढब होती जा रही है । व्यक्ति का गलत विकास हो रहा है । उसका मानस अस्वस्थ है, परिवार दुखी है । समाज में फूट पड़ी है और दुनिया पर ध्वंस करने का ज्वर चढ़ा है । इन भयानक अवस्थाओं को हमारा ज्ञान-विज्ञान सहारा दे रहा है । आज की तालीम भी इसी दौड़ में साथ दे रही है ।"

**91. अनुच्छेद के आधार पर हमें किस पर सर्वाधिक ध्यान देने की ज़रूरत है ?**

(1) विज्ञान पर

(2) कला प्रवृत्ति पर

(3) किशोरावस्था पर

(4) बाल्यावस्था पर

**92. अनुच्छेद के अनुसार गणित, भूगोल, इतिहास आदि विषय**

(1) तर्क प्रधान हैं ।

(2) भाव प्रधान हैं ।

(3) कला प्रधान हैं ।

(4) बोध प्रधान हैं ।

